साप्ताहिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO.-CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 7 सितम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य-3 रूपए || वर्ष-2, अंक-40

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## दो बालिगों के बीच सहमति से समलैंगिक संबंध अपराध नहीं

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में दो बालिगों के बीच समलैंगिक संबंध अब अपराध नहीं हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अगुवाई वाली सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने एक मत से सुनाए गए फैसले में दो बालिगों के बीच सहमति से बनाए गए समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने वाली धारा 377 के प्रावधान को खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने धारा 377 को मनमाना करार देते हुए व्यक्तिगत चॉइस को सम्मान देने की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने इस दिसंबर 2013 को सुनाए गए अपने ही फैसले को पलट दिया है। सीजेआई दीपक मिश्रा, के साथ जस्टिस आरएफ नरीमन, जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस इंदु मल्होत्रा की संवैधानिक पीठ ने 10 जुलाई को मामले की सुनवाई शुरु की थी और 17 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



फैसला सुनाते हुए अपने फैसले में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि जजों ने कहा कि संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तन जरूरी है। जीवन का अधिकार मानवीय अधिकार है। कोर्ट ने अपने फैसले में सेक्शुअल ओरिएंटेशन बायलॉजिकल बताया है। कोर्ट का कहना है कि इस पर किसी भी तरह की रोक संवैधानिक अधिकार का हनन है। किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह एलजीबीटी कम्युनिटी के लोगों को भी उतने ही अधिकार हैं। एक-दूसरे के अधिकारों को सम्मान करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले में सह भी साफ किया कि धारा 377 के तहत अब बिना सहमति के समलैंगिक संबंध बनाना अपराध होगा, लेकिन सहमति से संबंध अपराध नहीं। कोर्ट ने कहा कि बच्चों और जानवरों से अप्राकृतिक संबंध अब भी अपराध रहेगा।

### क्या रहा था हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का फैसला

11 दिसंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने होमो सेक्सुऐलिटी मामले में दिए अपने ऐतिहासिक जजमेंट में समलैंगिकता के मामले में उम्रकैद तक की सजा के प्रावधान वाले कानून को बहाल रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया था जिसमें दो बालिगों द्वारा आपस में सहमति से समलैंगिक संबंध बनाए जाने को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया था।

## सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। शहर से लगे सकरी मे कानन पेंडारी मोड डेंटल कालेज के सामने एक अज्ञात वाहन ने बाईक सवार पति पत्नी को पीछे से ठेकर मार दी।घटना मे जहां पति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पत्नी को गंभीर अवस्था मे अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल ले जाते समय पत्नी ने भी दम तोड़ दिया।सकरी थाने के नजदीक ही घटना होने की वजह से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाइजीरिया में 10 लोगों का अपहरण

मैदुगुरी (आरएनएस)। नाइजीरिया के मैदुगुरी इलाके में संदिग्ध बोको हराम विद्रोहियों ने कम से कम 10 लोगों का अपहरण कर लिया। एक सिनेटर और सैन्य सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सैन्य सूत्रों के अनुसार बोको हराम के विद्रोहियों ने एक व्यावसायिक वाहन पर हमला किया और कुछ नागरिकों का अपहरण कर लिया। अपहृतों की संख्या महिला समेत 10 से अधिक बतायी जबकि एक अन्य सूत्र ने अपहृतों की संख्या 20 के करीब बतायी।

### उर्दू के मशहूर शायर कैसर सिद्दीकी समस्तीपुरी का निधन

समस्तीपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्तर के उर्दू के मशहूर शायर कैसर सिद्दीकी समस्तीपुरी का यहां निधन हो गया। वह करीब 82 वर्ष के थे। सिद्दीकी पिछले कई दिनों से बीमार थे और कल रात इलाज के दौरान यहां के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। श्री सिद्दीकी द्वारा लिखित कव्वाली 'अपने मां-बाप का तू दिल न दुखा ' देश मे काफी चर्चित रही। इसके अलावे शायर कैसर सिद्दीकी ने सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देनी वाली 12 से अधिक पुस्तकें लिखी जो काफी चर्चित है।

### ब्लूव्हेल गेम के जाल में फंसा 22 वर्षीय इंजीनियर

**फांसी लगाकर की आत्महत्या**

कुड्डालोर (आरएनएस)। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में पनरूत्ति के पास 22 वर्षीय इंजीनियर ने कथित रूप से ब्लूव्हेल गेम के चक्कर में पड़कर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बुधवार को बताया कि शेषाद्री ने मंगलवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के वक्त वह घर में अकेला था.

### एससी/ एसटी एक्ट के खिलाफ सवर्णों का भारत बंद

नई दिल्ली (आरएनएस)। सवर्ण समुदाय के संगठनों ने एससी/एसटी एक्ट में संशोधन कर उसे मूल रूप में बहाल करने के विरोध में आज भारत बंद का आह्वान किया है। इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए मध्य प्रदेश के तीन जिलों मुरैना, भिंड और शिवपुरी में एहतियातन धारा 144 लागू कर दी गई है।

### मरीज को अस्पताल लेकर जा रही एंबुलेंस में लगी आग, मरीज की मौत

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल के चंपाकुलम अस्पताल से मरीज को आलप्पुझा मेडिकल कॉलेज लेकर जा रही एक एंबुलेंस में आग लग गई. आग की चपेट में आने से मरीज की मौत हो गई, जबकि एंबुलेंस में मौजूद नर्स और ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गए. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने नर्स और ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती करा दिया है. एंबुलेस में लगी आग के कारणों की जांच की जा रही है.

### सट्टेबाजी से और पतली हुई रुपये की हालत

मुंबई (आरएनएस)। सट्टेबाजी की वजह से भी रुपये पर दबाव बढ़ रहा है। देश और विदेश में रुपी कॉन्ट्रैक्ट्स की वैल्यू में बुधवार को 7-10 पैसे का अंतर आ गया, जिससे ट्रेडर्स के सामने आर्बिट्राज का मौका बना है। विदेशी नॉन-डिलिवरेबल फॉरवर्ड्स (एनडीएफ) में ट्रेडर्स डॉलर बेच रहे हैं और उसकी एवज में देश के डोमेस्टिक डेरिवेटिव मार्केट में डॉलर खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुल्गारिया को रक्षा क्षेत्र में भारत का प्रमुख साझेदार बनने का आमंत्रण दिया

सोफिया (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उनके बुल्गारियाई समकक्ष रूमेन रादेव के बीच हुई बातचीत में भारत और बुल्गारिया ने बुधवार को असैन्य परमाणु सहयोग सहित चार विषयों से जुड़े समझौतों पर दस्तखत किए। कोविंद ने बुल्गारिया को रक्षा क्षेत्र में भारत का प्रमुख साझेदार बनने के लिए भी आमंत्रित किया। बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस बयान में कोविंद ने कहा, 'हम अपनी आर्थिक साझेदारी ठोस तरीके से उन्नत करने पर सहमत हुए। यह ऐसा होगा जिसमें हमारे मजबूत राजनीतिक संबंधों की गहराई की वास्तविक झलक मिलेगी।'



उन्होंने कहा कि भारत और बुल्गारिया के संबंधों की जड़ें इतिहास में गहरी हैं और इसकी ठोस आधारशिला पर दोनों देशों ने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक शांति एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता पर आधारित समकालीन साझेदारी कायम की है। कोविंद यूरोप के तीन देशों की अपनी आठ दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को साइप्रस से यहां पहुंचे। उनकी यात्रा का मकसद इन यूरोपीय देशों से भारत के उच्च-स्तरीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति ने रादेव से विस्तृत वार्ता की।

## दवाई के नाम चमगादड़ों को मारकर हो रही तस्करी

जगदलपुर (आरएनएस)। दवाई के नाम पर चमगीदड़ों को मार कर अवैध रूप से लाकर यहां चोरी छिपे विक्रय करने का सिलसिला इन दिनों अत्यधिक तेजी से चल रहा है और इन चमगीदड़ों के मृत शरीर को बेच कर आय प्राप्त कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चमगीदड़ों को निशाना बनाने की घटनाएं चित्रकोट क्षेत्र में अधिक हो रही हैं। पुलिस थाना लोहंडीगुड़ा में क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत की है। नगर के किनारे स्थित वार्डों के और ग्रामीण क्षेत्रों के युवकों का समूह गुलेल ले कर चित्रकोट जलप्रपात के पास जाता है और वहां पर लगे हुए अर्जुन आदि वृक्षों पर आराम करते हुए चमगीदड़ों को गुलेल से निशाना बना कर मारता है। चमगीदड़ों के मृत शरीर को शहर ला कर कैंसर, टीबी सहित कई बीमारियों के लिए इन चमगीदड़ों के मृत शरीर का मांस भक्षण बीमार को कराये जाने से बीमारी की समाप्ती होती है कह कर बेचा जाता है। इससे चित्रकोट स्थित पर्यावरण के लिए आवश्यक चमगीदड़ अपनी जान गंवा रहे हैं।

## एसटी-एससी एक्ट : विरोध की आग राजधानी तक पहुंची

रायपुर (आरएनएस)। एसटी-एससी एक्ट के विरोध में सवर्णों के आज बंद के दौरान राजधानी रायपुर में भी एक-दो स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन हुआ। आजाद चौक में जहां एक्ट के विरोध में विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों का पुलिस के साथ हल्की झड़प हो गई तो वहीं शंकर नगर इलाके में दुकानें बंद करा दी गई।

ज्ञात हो कि एसटी-एससी एक्ट के संशोधन से नाराज सवर्णों ने भारत बंद का आव्हान किया है। इसे लेकर देश के अन्य राज्यों में जहां हाईअलर्ट है तो वहीं छत्तीसगढ़ में भी बंद को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर 300 अतिरिक्त बलों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया है। इधर आंदोलन की आग प्रदेश की राजधानी रायपुर तक भी पहुंच चुकी है।

## हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

शिमला/श्रीनगर (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में बुधवार को कम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि, भूकंप के झटकों से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

## जापान में भूकंप के बाद भूस्खलन, 120 घायल, 19 लापता

टोक्यो (आरएनएस)। जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में गुरुवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमान पर 6.7 मापी गयी। जापान की सरकारी टेलीविजन एनएचके की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप के कारण भूस्खलन की चपेट में आने से 120 लोग घायल हो गये तथा 19 लोग लापता हैं। सरकारी टेलीविजन के अनुसार अत्सुमा शहर के ग्रामीण क्षेत्र में पर्वतश्रेणी के साथ लंबी दूरी तक भूस्खलन फुटेज में देखा जा सकता है। शुरुआती रिपोर्ट में किसी के मौत की सूचना नहीं है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति की सीढ़ियों से गिरने के बाद दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी। जापान के होक्काइडो बिजली कंपनी ने कहा कि भूकंप के बाद अपने जीवाश्म ईंधन से चलने वाले सभी बिजली संयंत्रों का आपात स्थिति में बंद कर दिया जिससे होक्काइडो में बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि 2.95 लाख घरों में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास किये जा रहे, लेकिन यह साफ नहीं हो सका है कि कब तक बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

## भारत से टेंशन को खत्म करने के लिए पाकिस्तान ने लगाई अमेरिका से गुहार

इस्लामाबाद (आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो के सामने पाकिस्तान ने भारत से जारी तनाव को कम करने की गुजारिश की। अमेरिकी विदेश मंत्री बुधवार को पाक दौरे पर थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिमी सीमा से सटे अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए जरूरी है कि पूर्वी सीमा क्षेत्र पर तनाव न रहे। हालांकि, खुले तौर पर भारत के नाम का इस्तेमाल करने की जगह पर पाक की तरफ से पूर्वी सीमा का प्रयोग किया गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अमेरिकी समकक्ष से बातचीत के बाद मीडिया से कहा, अगर देश की पश्चिमी सीमा की तरफ हम ध्यान देना चाहते हैं तो हमें पूर्वी सीमा पर शांति और स्थिरता चाहिए। उन्होंने एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की वजह से लोगों की परेशानी का जिक्र करते हुए कहा, हमें देखना होगा कि हम यहां (पूर्वी सीमा पर) कैसे सुधार कर सकते हैं और कौन हमें मदद कर सकता है।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़, एक नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे अथवा घायल होने की जानकारी मिली है। मौके से पुलिस ने एक घायल नक्सली भीमा मड़कामी को गिरफ्तार किया है, जिसे जिला अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया है। बस्तर डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि किरंदुल थाने से संयुक्त पुलिस बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम मड़कामीरा एवं समलनार के मध्य घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। मौके से एक घायल नक्सली को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी भीमा मड़कामी के रूप में शिनाख्त की गयी है। श्री डांगी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, खून के धब्बे एवं घसीटे जाने के निशान से यह साबित होता है कि कुछ नक्सली मारे गए हैं।



## दो बम धमाकों से दहला काबुल, 20 की मौत, 70 से अधिक घायल

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए दो बड़े बम विस्फोट में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धमाकों में 70 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बुधवार की देर शाम को काबुल के एक कुश्ती क्लब में ये धमाका हुआ। जिस दौरान वहां लोगों में भगदड़ मच गई। हमले में 20 लोगों की मौत और 70 से अधिक घायल हो।

## ट्रंप ने दिया था सीरिया के राष्ट्रपति को मारने का आदेश

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर लिखी पत्रकार बॉब वुडवर्ड की नई किताब में राष्ट्रपति ट्रंप के बारे में कई खुलासे हैं। कभी अमेरिका के सनसनीखेज वॉटरगेट कांड का खुलासा करनेवाले पत्रकार ने अपनी किताब 'फीयर : ट्रंप इन द वॉइट हाउस' में सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ट्रंप सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद की हत्या करवाना चाहते थे। अमेरिकी मीडिया में किताब प्रकाशित होने से पहले ही सुर्खियां बटोर रही है। किताब में ट्रंप के काम करने के तौर-तरीकों और विदेश नीति को लेकर भी वॉइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से काफी आलोचना की गई है। किताब के अनुसार ट्रंप ने डिफेंस सेक्रेटरी को आदेश दिया था कि सीरिया के प्रेजिडेंट बशर अल-असद को जान से मार दो। किताब के अनुसार अमेरिकी प्रेजिडेंट ने इस आदेश के साथ असद के लिए एक अपमानजनक शब्द का भी प्रयोग किया था।



## उपलब्धि: विकास की नई ऊंचाईयों को छूने की योजना है-नवा छत्तीसगढ़ : डॉ. रमन

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। अपने 25वें स्थापना दिवस तक छत्तीसगढ़, स्मार्ट छत्तीसगढ़ होगा, खुशहाल छत्तीसगढ़ होगा, समृद्ध छत्तीसगढ़ होगा। नवा छत्तीसगढ़ योजना इन्हीं योजनाओं को पूर्ण करने का अभियान है। अटल विकास यात्रा के दूसरे चरण में बिलासपुर पहुंचे राज्य के मुखिया डॉ. रमन सिंह ने उक्त बातें आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। डॉ. सिंह ने बताया कि नवा छत्तीसगढ़ योजना विकास का एक नया अध्याय लिखेगा। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी लोगों की सहभागिता होगी। उन्नत, स्मार्ट, खुशहाल छत्तीसगढ़ बनाने सभी की योगदान होगा। नवा छत्तीसगढ़ असल में एक दृष्टि पत्र है, जिसमें अपने स्थापना के 25वें वर्ष में छत्तीसगढ़ कैसा होगा? इसकी कल्पना है। इसे साकार करने के लिए शासन-प्रशासन और जनता सभी एकजुट होकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जीडीपी बढ़ाना, किसानों के लिए और बेहतर योजनाएं संचालित करना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करना, हम सब का सपना है, इसे जरूर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विकास की एक नई ऊंचाई तक पहुंचाना ही नवा छत्तीसगढ़ योजना है। उन्होंने कहा कि नवा छत्तीसगढ़ में सरकार की कोशिश होगी कि राज्य का जीडीपी दोगुनी हो जाए, किसानों को उनकी फसलों की भरपूर कीमत मिले, युवा वर्ग के पास रोजगार उपलब्ध हो।

